संख्या– उन्तीस(2)05/2(16पे0)/2005

प्रेषक,

नरेन्द्र सिंह
अपर सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
(हरिद्वार को छोड़कर)
उत्तरांचल।

पेयजल अनुभाग देहरादून: दिनांक07 दिसम्बर, 2005

विषय:चालू वित्तीय वर्ष 2005–06 में जिला योजना के न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 2156/उन्तीस(2)/05–2(16पे0)/05, दिनांक 04 जून, 05 के क्रम में तथा प्रधान कार्यालय, उत्तरांचल पेयजल निगम, देहरादून के पत्रांक 4951/धनावंटन प्रस्ताव दिनांक 10–11–2005 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ हैं कि श्री राज्यपाल न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला योजना की ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु निम्नलिखित जनपदवार विवरणानुसार कुल धनराशि रू0 1499.68 लाख (रू0 चौदह करोड़ निन्यानबे लाख अडसठ हजार मात्र) की धनराशि के व्यय हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:–

(धनराशि (लाख रू0 में)

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | परिव्यय | पूर्व में शा0दे0सं0 2156 दिनांक–04.06.05 द्वारा स्वीकृत धनराशि | जनपद हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तरकाशी | 359.29 | 179.65 | 134.70 |
| 2 | चमोली | 188.60 | 94.30 | 70.68 |
| 3 | रूद्रप्रयाग | 299.70 | 149.85 | 112.30 |
| 4 | टिहरी | 597.30 | 298.65 | 223.90 |
| 5 | देहरादून | 126.20 | 63.05 | 47.20 |
| 6 | पौड़ी | 880.00 | 440.00 | 330.00 |
| 7 | पिथौरागढ़ | 308.35 | 154.20 | 115.50 |
| 8 | चम्पावत | 256.72 | 128.40 | 96.25 |
| 9 | अल्मोड़ा | 300.00 | 150.00 | 112.50 |
| 10 | बागेश्वर | 247.00 | 123.50 | 92.60 |
| 11 | नैनीताल | 335.00 | 167.50 | 125.60 |
| 12 | ऊधमसिंहनगर | 102.53 | 51.22 | 38.45 |
| | योग:– | 4000.64 | 2000.32 | 1499.68 |

क्रमश:....2

2– प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण उत्तरांचल पेयजल निगम के संबंधित जनपद के अधिशासी अभियन्ता/नोडल अधिकारी के हस्ताक्षरयुक्त तथा संबंधित जनपद के जिलाधिकारी के प्रतिहस्ताक्षरित बिल संबंधित जनपद के कोषागार में प्रस्तुत करके वास्तविक आवश्कतानुसार अधिकतम तीन किश्तों में पूर्व में स्वीकृत धनराशि का पूर्ण उपयोग अथवा 80 प्रतिशत धनराशि के उपयोग के उपरान्त ही किया जायेगा। जिन जनपदों में पूर्व में स्वीकृत समस्त धनराशि का उपयोग हो चुका है, वे आवंटित धनराशि का आवश्यकतानुसार आहरण कर सकते है।

3– समय पर उक्त धनराशि का उपयोग नही होता हैं तो इसका और कार्य की गुणवत्ता का पूर्ण दायित्व संबंधित अधिशासी अभियन्ता का ही होगा।

4– स्वीकृत धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो पर उ0 प्र0शासन के वित्त लेखा अनुभाग–2 के शासनादेश सं0–ए–2–87(1)/दस–97–17(4)/75 दिनांक 27–2–97 के अनुसार सैन्टेज व्यय किया जायेगा तथा कार्यो की कुल लागत के सापेक्ष पूर्व में व्यय की गई धनराशि में सैन्टेज चार्जेज के रूप में व्यय की गई धनराशि को समायोजित करत हुए कुल सैन्टेज चार्जेज 12.50 प्रतिशत से अधिक अनुमन्य नही होगी। इस कृपया कड़ाई से सुनिश्चित कर आगणन में सैन्टेज की व्यवस्था उक्तानुसार ही की जाय।

5– स्वीकृत धनराशि का व्यय प्रथमतया चालू योजनाओं पर किया जायेगा तथा चालू योजनायें शेष न होने पर ही नये कार्यो पर योजनावार विवरण उपलब्ध कराने पर शासन की अनुमति के उपरांत ही धनराशि व्यय की जायेगी।

6– उक्त स्वीकृत धनराशि से जिला योजना में अनुमोदित ग्रामीण पेयजल योजनाओं का कियान्वयन उत्तरांचल पेयजल निगम द्वारा किया जायेगा। जनपदवार स्वीकृत धनराशि के योजनावार आवंटन को सूचना 2 सप्ताह के अन्दर शासन को अवश्य उपलब्ध करा दी जाय, जिसमें लाभान्वित होने वाली एन0सी0 तथा पी0 सी0 बस्तियों का विवरण अवश्य स्पष्ट रूप से अंकित किया जायेगा।

7– स्वीकृत धनराशि ऐसी योजनाओं [illegible] की जाय, जिनके संबंध में तकनीकी स्वीकृति नही हैं अथवा जो विवादग्रस्त है। यह भी स्पष्ट किया जाता हैं कि स्वीकृत धनराशि जिला नियोजन तथा अनुश्रवण समिति द्वारा अनुमोदित कार्यो पर एवं एन0 सी0 तथा पी0 सी0 बस्तियों के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु व्यय की जायेगी।

8– व्यय करने से पूर्व जिन मामलो में बजट मैनुअल और फाईनेन्शियल हैण्डबुक नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशो के अंतर्गत शासकीय अथवा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हों, उसमें व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय। निर्माण कार्यो पर व्यय करने से पूर्व आगणनों/पुनरीक्षित आगणनों पर सक्षम प्राधिकारी की तकनीकी स्वीकति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

9– कार्य की समयबद्वता एवं गुणवत्ता हेतु सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता अथवा इस स्तर का अधिकारी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा ।

कमशः.....3

10– वही कार्य किया जायेगा जो जिला नियोजन एंव अनुश्रवण समिति द्वार अनुमोदित हो और जनपदवार आवंटित प्लान परिव्यय के अन्तर्गत हों ।

11–स्वीकृत की जा रही धनराशि का दिनांक 31.03.2006 तक पूर्ण उपयोग कर के इसकी वित्तीय/भौतिक प्रगति एंव उपयोगिता प्रमाणत्र शासन को प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

12– स्वीकृत की जा रही धनराशि के आहरण के पूर्व, पूर्व स्वीकृत समस्त धनराशि का उपयोगिता प्रमाणपत्र शासन को प्रस्तुत कर दिया जायेगा और इस धनराशि का उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने के उपरान्त ही आगामी किश्त का प्रस्ताव किया जायेगा।

13– उक्त व्यय वित्तीय वर्ष 2005–06 के अनुदान संख्या –13 के लेखाशीर्षक –2215–जलापूर्ति तथा सफाई 01–जलापूर्ति–आयोजनागत–102–ग्रामीण जलपूर्ति कार्यक्रम–91–जिलायोजना–01–ग्रामीण पेयजल तथा जलोत्सारण योजना–20–सहायक अनुदान/अंशदान राज सहायता के नामें डाला जायेगा।

14– यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय सं0 125/XXVII(2)/2005 दिनांक 03 दिसम्बर, 2005 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(कुँवर सिंह)
अपर सचिव

संख्या–1288/उन्तीस/05/2 (16पे0)/2005, तद्दिनांक

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तरांचल, देहरादून।
2– समस्त जनपदीय कोषाधिकारी (जनपद हरिद्वार को छोडकर) उत्तरांचल ।
3– मण्डलायुक्त गढवाल/कुमायूँ।
4– प्रबन्ध निदेशक, उत्तरांचल पेयजल निगम, देहरादून।
5– मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तरांचल जल संस्थान, देहरादून।
6– मुख्य अभियन्ता (गढ़वाल/कुमायूँ) उत्तरांचल पेयजल निगम।
7– समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उत्तरांचल पेयजल निगम, संबंधित जनपद।
8– वित्त अनुभाग–3/नियोजन प्रकोष्ठ/बजट सैल, उत्तरांचल शासन।
9– संयुक्त विकास आयुक्त गढवाल/कुमायूँ मण्डल।
10–आयुक्त ग्राम्य विकास, उत्तरांचल।
11–स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
12– संबंधित अधिशासी अभियन्ता/नोडल अधिकारी, उत्तरांचल पेयजल निगम, संबंधित जनपद।
13– निदेशक, सूचना एवं लोक सर्म्पक निदेशालय, देहरादून।
14– निजी सचिव, मा0मुख्यमंत्री जी,
15– निदेशक, एन0आई0सी0 सचिवालय परिसर,देहरादून।

आज्ञा से,

(कुँवर सिंह)
अपर सचिव